भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2870
दिनांक 10 मार्च, 2026 के लिए प्रश्न

पशु आहार पर प्रभाव

2870. श्रीमती माला रायः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने अमेरिका से पशु आहार, ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेंस विद सॉल्युबल्स (डीडीजीएस) और अन्य अनाजों के आयात की अनुमति दे दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) देश के पशु आहार विनिर्माण क्षेत्र पर इसके प्रभाव का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) और (ख): वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत वाणिज्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, भारत और अमेरिका ने दिनांक 2 फरवरी, 2026 को व्यापार समझौते की घोषणा की। इस संबंध में दिनांक 7 फरवरी, 2026 को संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया था।

देश में पशु आहार की बढ़ती मांग को देखते हुए, पशु आहार, ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स विद सॉल्युबल्स (DDGS) के लिए कोटा (quota) के भीतर टैरिफ में छूट देने पर विचार किया गया है, अर्थात् टैरिफ में छूट एक तय मात्रा तक ही होगी, जिससे घरेलू स्तर पर उगाई जाने वाली पशु आहार फसलों के बाज़ार पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा।

*****